# सीज़ेरियन सेक्शन के लिए स्थान-विशेष ऐनेस्थीसिया (चेतनाशून्य करनेवाली दवा) स्पाइनल और एपिड्यूरल एनेस्थेटिक्स

## स्थान-विशेष (regional/रीजनल) ऐनेस्थीसिया क्या होता है?

स्थान-विशेष ऐनेस्थीसिया एक दवा होती है जो आपके शरीर के एक विशिष्ट हिस्से में दर्द को रोकती है।

सिज़ेरियन के दौरान, यह आपको दर्द महसूस किए बिना अपने शिशु के जन्म के समय जागृत रहने में सक्षम करती है। यह सामान्य/जनरल एनेस्थेटिक से भिन्न है, जो सर्जरी के दौरान आपको नींद में भेज देता है।

स्थान-विशेष ऐनेस्थीसिया दो तरीकों से दी जा सकती है:

- आपकी पीठ की हड्डियों के बीच एक इकलौते इंजेक्शन के रूप में - यह एक रीढ़ की हड्डी का एनेस्थेटिक है
- आपकी पीठ में डाली गई एक छोटी सी प्लास्टिक ट्यूब के माध्यम से - यह एक एपीड्यूरल एनेस्थेटिक है।

दोनों प्रकार से ये आपकी नसों में दर्द संदेश को रोकती हैं।

आपकी छाती से नीचे का हिस्सा सुन्न हो जाएगा और आप अपने टाँगें हिलाने में असमर्थ हो जाएंगी।

सीज़ेरियन के लिए स्थानीय ऐनेस्थीसिया ही एनेस्थीसिया की सबसे आम विधि होती है।

## इसके क्या लाभ हैं?

सामान्य एनेस्थेटिक की तुलना में, स्थानीय एनेस्थेटिक:

- आमतौर पर आपके लिए सुरक्षित होता है
- आप अपने शिशु के जन्म के समय जागृत रह पाती हैं
- सर्जरी के बाद कई घंटों तक दर्द से बेहतर राहत मिलती है; यदि मॉर्फिन मिला दिया जाए, तो दर्द से राहत 24 घंटों तक रह सकती है
- आपको कम सुस्ती महसूस होती है
- जन्म के तुरंत बाद आप अपने शिशु को गोद में ले कर दूध पिला पाती हैं
- आमतौर पर आपका साथी (पार्टर) या सहायक व्यक्ति, जन्म के समय आपके साथ रह पाता है, जो सामान्य एनेस्थेटिक के साथ संभव नहीं है।

## दुष्प्रभाव या ख़तरे क्या हैं?

स्थानीय एनेस्थेटिक के साथ:

- ऑपरेशन के दौरान आपको अपने पेट में कुछ हलचल, खिंचाव और दबाव महसूस हो सकता है, लेकिन आपको कोई दर्द महसूस नहीं होगा
- इंजेक्शन के बाद 2 से 4 घंटे तक आप अपनी टांगों को हिलाने या महसूस करने में सक्षम नहीं हो सकेंगी।

स्थानीय ऐनेस्थीसिया से कुछ अन्य दुष्प्रभाव या जोखिम हो सकते हैं। यदि एनेस्थेटिक लेने के बाद आपको नीचे सूचीबद्ध कोई भी लक्षण महसूस हों या आप अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हों, तो अपने एनेस्थेटिस्ट या दाई (मिड्वाइफ) से बात करें।

आम दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) में गिरावट। इससे आपको चक्कर, सिर में हल्कापन या बीमार महसूस हो सकता है। ऐसा रीढ़ की हड्डी के एनेस्थेटिक लेने वालों में लगभग 2 में से 1 व्यक्ति को होता है और एपीड्यूरल लेने वालों में 20 में से 1 व्यक्ति को होता है।
- कंपकंपी या खुजली 20 में से 1 व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है।
- एपीड्यूरल की सूरत में, प्रत्येक 8 से 10 लोगों में से 1 को और अधिक स्थानीय एनेस्थेटिक की आवश्यकता हो सकती है या उनकी पीठ में लगी ट्यूब की समीक्षा या उसे बदले जाने की आवश्यकता हो सकती है।

सिरदर्द आम तौर पर कम ही देखने में आते हैं और एपीड्यूरल की सूरत में 100 में से 1 व्यक्ति को प्रभावित करते हैं और रीढ़ की हड्डी के मामले में 200 में से 1 व्यक्ति को।

अत्यंत दुर्लभ देखी जाने वाली जटिलताओं में शामिल हैं:

- तंत्रिकाओं को क्षति (nerve damage) (जैसे पैर या पंजे में सुन्नता या कमज़ोरी), रीढ़ की हड्डी में संक्रमण या मेनिन्जाइटिस (meningitis), और एनेस्थेटिक का अनपेक्षित रूप से फैलना (यदि यह बड़ी मात्रा रीढ़ की हड्डी की नस में प्रवेश कर जाए)।

गंभीर चोट या अधरंगता (paralysis) बहुत ही दुर्लभ हैं।

## इसे कैसे दिया जाता है?

एक एनेस्थेटिस्ट आपको स्थानीय एनेस्थेटिक देगा।

आपके हाथ या बांह की नस में एक छोटी सी प्लास्टिक ट्यूब (कैनुला/cannula) डाली जाएगी, और आपको एक ड्रिप के माध्यम से तरल पदार्थ चढ़ाया जाएगा। आपके रक्तचाप और हृदय गति पर नज़र रखी जाएगी।

आपको सही आसन में आने में मदद की जाएगी, या तो बैठने के आसन में या अपनी एक तरफ लेटने के आसन में, ताकि आपके शरीर को आपके शिशु के चारों ओर ढलने में मदद मिल सके।

आपकी पीठ के निचले हिस्से को एंटीसेप्टिक घोल से साफ किया जाएगा।

एनेस्थेटिस्ट आपकी पीठ की हड्डियों को महसूस करेगा। वे आपकी त्वचा में एक स्थानीय एनेस्थेटिक इंजेक्शन लगाएंगे, जिससे वह सुन्न हो जाएगी।

जैसे ही सुई अंदर जाएगी, आपको अपनी पीठ में धक्का जैसा महसूस होगा। स्थिर रहने से प्रक्रिया और अधिक सुचारू रूप से चल पाएगी और दुष्प्रभावों की संभावना कम हो जाएगी।

- एपीड्यूरल के लिए, आपकी पीठ में एक छोटी प्लास्टिक ट्यूब डाली जाएगी। इससे आवश्यकता पड़ने पर आपको और अधिक एनेस्थेटिक दिया जा सकेगा।
- रीढ़ की हड्डी में स्थानीय एनेस्थेटिक की एक खुराक इंजेक्ट की (सुई द्वारा दी) जाएगी। इसका असर आपके शिशु को जन्म देने के लिए की जाने वाली नियमित सर्जरी की अवधि तक बना रहना चाहिए।

सुई निकाल दी जाएगी और आपका आसन पीठ के बल कर दिया जाएगा, बाईं ओर थोड़ा सा झुका हुआ।

एनेस्थेटिक 5 से 20 मिनट के भीतर काम करना शुरू कर देगा। सर्जरी शुरू होने से पहले, एनेस्थेटिस्ट आमतौर पर आइस पैक (अत्यंत ठंडी थैली) का उपयोग करके जाँच करेंगे कि क्या आप सुन्न हो गई हैं।

एनेस्थेटिस्ट पूरे ऑपरेशन के दौरान आपके साथ रहेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आप यथासंभव आरामदायक महसूस करें।

## अन्य एनेस्थेटिक विकल्प क्या हैं?

यदि आपने प्रसव/लेबर के दौरान दर्द से राहत के लिए एपिड्यूरल लिया है, तो आप एपिड्यूरल कैथेटर के माध्यम से एनेस्थेटिक प्राप्त कर सकती हैं।

इससे रीढ़ की हड्डी में दी जाने वाली एनेस्थेटिक के समान ही दर्द से राहत मिलती है। और अधिक जानकारी के लिए प्रसव/लेबर में एपिड्यूरल दर्द निवारण तथ्य पत्रक पढ़ें।

सामान्य एनेस्थेटिक एक अन्य विकल्प है, जिसका अर्थ है कि आप अपने शिशु के जन्म के दौरान सोयी रहेंगी। यदि आपको सामान्य एनेस्थेटिक दिया गया है, तो आपका साथी (पार्टनर) या सहायक व्यक्ति ऑपरेशन कक्ष में मौजूद नहीं हो सकता है, और आपका शिशु एनेस्थेटिक दवाओं के कारण नींद में हो सकता है।

## और अधिक जानकारी के लिए

आप अपने एनेस्थेटिस्ट से स्थानीय एनेस्थीसिया के बारे में प्रश्न पूछ सकती हैं या सर्जरी के दिन अपने विकल्पों के बारे में बात कर सकती हैं।

यदि आप सर्जरी के दिन से पहले प्रश्न पूछना चाहें या अपने विकल्पों पर चर्चा करना चाहें, तो अपने प्रसूति विशेषज्ञ (obstetrician) या दाई को बताएं। वे किसी एनेस्थेटिस्ट से आपकी बात कराने की व्यवस्था कर सकते हैं।

**Acute Pain Service (तीव्र दर्द सेवा), Royal Women's Hospital (रॉयल महिलाओं का अस्पताल)**

सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
टेलीफोन: (03) 8345 2389

## क्या आपको दुभाषिए की ज़रूरत है?

Interpreter

यदि आपको आवश्यकता हो तो आप दुभाषिए की मांग कर सकती हैं।

## पारिवारक हिंसा सहायता

**1800 Respect राष्ट्रीय हेल्पलाइन**

यदि आपने यौन उत्पीड़न, घरेलू या पारिवारिक हिंसा और दुर्व्यवहार का अनुभव किया है तो आप सहायता प्राप्त कर सकती हैं।
आप दिन या रात किसी भी समय फ़ोन कर सकती हैं।
1800 737 732 1800respect.org.au

**अस्वीकरण:** यह तथ्य पत्रक केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है। अपनी या अपने शिशु की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं के बारे में विशिष्ट सलाह के लिए आपको अपने स्वास्थ्य पेशेवर से सलाह लेनी चाहिए। Royal Women's Hospital (रॉयल महिलाओं का अस्पताल) किसी स्वास्थ्य पेशेवर से मिलने के बजाय इस तथ्य पत्र पर आपके द्वारा किए गए भरोसे से उत्पन्न होने वाली हानि या क्षति के लिए कोई ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। यदि आपको या आपके शिशु को तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता हो, तो कृपया अपने निकटतम आपातकालीन विभाग से संपर्क करें।
© The Royal Women's Hospital 2025.